तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज विविध पुनरावलोकन प्रार्थना–पत्र संख्या 14/2015 मोहनराम वगैरा बनाम पदमाराम	नम्बर व तारीख अहकाम की इस हुक्म की तामील में जारी हुए
16.10.2019	पत्रावली आज पेश हुई। वकुलाय पक्षकारान उपस्थित। पत्रावली पर उपलब्ध रेकर्ड का अवलोकन किया गया। रेकर्ड के अनुसार पक्षकारान् के मध्य लोक अदालत की भावना से राजीनामा हो गया है। जो पत्रावली पर पेश किया जा चुका है तथा प्रार्थी (निगरानीकर्ता) की ओर से निगरानी याचिका को विड्रो करने बाबत् प्रार्थना–पत्र पेश किया गया। राजीनामा और विड्रो बाबत् प्रार्थना पत्र के द्वारा आलौच्य आदेश दिनांक 08.06.2015 पंचायत निगरानी संख्या 13/2013 अनवान पदमाराम बनाम मोहनराम वगैरा को अपास्त करने एवं निगरानी याचिका को विड्रो जरिये खारिज करने का निवेदन किया गया। **<u>आदेश</u>** उपरोक्तानुसार पक्षकारों के मध्य राजीनामा हो चुका है। पुनरावलोकन प्रार्थना–पत्र को निस्तारित किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः पक्षकारो के मध्य हुए राजीनामा व विड्रो बाबत् प्रार्थना–पत्र की रूह में पंचायत निगरानी याचिका संख्या 13/2013 पदमाराम बनाम मोहनराम वगैरा को विड्रो जरिये खारिज किया जाता है तथा निगरानी याचिका संख्या 13/2013 पदमाराम बनाम मोहनराम वगैरा में आलौच्य आदेश दिनांक 08.06.2015 को अपास्त किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। (मदनलाल नेहरा) अपर जिला कलक्टर (प्रथम) जोधपुर।	

Signature Not Verified
Digitally signed by Madan Lal Nehra
Date: 2019.11.27 17:48:59 IST
Reason: SelfAttested